(b) No, Sir. The US government has called for the universatisation of the Nuclear Non-Proliferation treaty (NPT) and in this context urged States which are not parties to the NPT to sign the Treaty. India has a principled stand on this issue and considers the NPT to be a discriminatory treaty.

एक भारतीय शिष्ट मंडल की नवनिर्वाचित राष्ट्रपति श्री क्लिंटन के साथ बैठक

2687. **श्रीमती सरला माहेश्वरी:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति श्री क्लिंटन के सहयोगियों के साथ सहयोग स्थापित करने के लिए एक उच्च स्तरीय शिष्ट मंडल अमरीका भेजा है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले; और

(ग) क्या भारत की नीति को स्पष्ट कर दिया गया है?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फेलोरियो): (क) से (ख) वाशिंगटन में हमारे राजदूतावास के उप मिशन प्रमुख को और निरस्त्रीकरण अप्रसार तथा क्षेत्रीय सुरक्षा से सम्बद्ध मसलों पर द्विपक्षीय बातचीत के दूसरे दौर में सहभागियों के रूप में अमरीका में पहले से मौजूद विदेश मंत्रालय के दो अधिकारियों को निदेश दिया गया था कि वे नवनिर्वाचित राष्ट्रपति श्री क्लिंटन के संक्रमण दल के साथ प्रारम्भिक सम्पर्क करें। तदनुसार इस प्रतिनिधि मंडल ने लिटल राक, आर्कांसस स्थित डेमोक्रेटिक कम्पेन मुख्यालय में जाकर संक्रमण बोर्ड के अध्यक्ष और संक्रमण दल के अन्य सदस्यों से मुलाकात की। इन बैठकों का आयोजन केवल प्रारम्भिक सम्पर्क स्थापित करने और इस स्तर पर मामलों पर विस्तार से चर्चा किये बिना आपसी हित के मामलों पर प्राथमिक रूप से भारत के नजरिये को उजागर करने के लिए किया गया था।

South-Asian Common Market

2688. **SHRI RAMDAS AGARWAL**

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Russian Foreign Ministry is planning to set up a South Asian Common Market in the near future with the help of India and China in order to settle the Economic and Trade problms jointly and more effectly;

(b) whether this issue is likely to be discussed during the ensuing visit of Mr. Boris N. Yeltsin, the President of Russia to India; and

(c) if so, the details thereof?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI SALMAN KHURSHEED): (a) The Govt. have not received any proposal from the Russian Foreign Ministry for setting up a South Asian Common Market.

(b) No indication to this effect has been received from the Russian side.

(c) The question does not arise.

भारत-बंगलादेश संबंध

2689. **मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि कुछेक विदेशियों के संगठन झूठे मुद्दों को उठाकर भारत-बंगलादेश के संबंधों को बिगाड़ने पर आमादा है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने उस पर क्या कार्यवाही की है?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फेलेरियो): (क) और (ख) सरकार देश के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय हित की सुरक्षा के प्रति तथा भारत-बंगलादेश संबंधों को उन लोगों के षड़यंत्र से बचाने के प्रति जो इन्हें बिगाड़ना चाहते हैं, सतर्क रहती है